दैनिक जागरण
कानपुर, 11 सितंबर, 2021

सीएसए के नवनिर्मित भवनों का आज होगा उद्घाटन

कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार को नवनिर्मित भवनों का अनावरण होगा। इसमें इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी (आइसीटी) प्रयोगशाला, सौर ऊर्जा, आटोमेटिक वेदर स्टेशन, सीड टेस्टिंग प्रयोगशाला, इनक्यूबेशन एंड इन्नोवेशन केंद्र, कानपुर देहात स्थित दलीप नगर, कन्नौज, फर्रुखाबाद के कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशासनिक भवन, फतेहपुर में मिनी सीड हब इकाई शामिल है। उद्घाटन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक प्रो. त्रिलोचन महापात्रा करेंगे। यह उद्घाटन आनलाइन होगा। महानिदेशक विश्वविद्यालय के तीन छात्रों और युवा किसानों से बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में उप महानिदेशक (शिक्षा) डा. आरसी अग्रवाल भी शामिल होंगे। जासं

Sign in to edit and save changes to this file.

जन एक्सप्रेस

/janexpresslive

लखनऊ, शनिवार, 11 सितम्बर, 2021, वर्ष : 12, अंक : 323, पृष्ठ : 12, मूल्य ₹ 3.00/-

लखनऊ तथा देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | www.janexpresslive.com/epaper

तीन छात्रों एवं युवा किसानों से महानिदेशक करेंगे आभासी वार्ता

जन एक्सप्रेस संवाददाता

कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 11 सितंबर शनिवार को विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न भवनों आईसीटी प्रयोगशाला, सौर ऊर्जा, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, सीड टेस्टिंग प्रयोगशाला, इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन केंद्र सहित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर कन्नौज, फर्रुखाबाद के प्रशासनिक भवन तथा कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर की मिनी सीड का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सीएसएयू के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर महानिदेशक स्वरोजगार स्टार्ट अप

शुरू करने वाले विश्वविद्यालय के तीन छात्रों एवं युवा किसानों से आभासी वार्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में आईसीएआर के उप महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर. सी. अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं, शिक्षक वैज्ञानिक, अधिकारी और प्रगतिशील किसान मौजूद रहेंगे।

महानिदेशक आज करेंगे, विश्व बैंक पोषित परियोजना के भवनों का उद्घाटन

11/09/2021

पी.बी.सी.संवाददाता

कानपुर। सीएसए के कुलपति डा. डी.आर.सिंह ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डा. त्रिलोचन महापात्रा द्वारा 11 सितंबर को विश्व बैंक पोषित परियोजना द्वारा विश्वविद्यालय में निणमत विभिन्न भवनों जैसे— आईसीटी प्रयोगशाला, सौर ऊर्जा,अटोमेटिक वेदर स्टेशन,सीड टेस्टिंग प्रयोगशाला, इनक्यूबेशन एंड इन्नोवेशन केंद्र सहित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर, कन्नौज, फर्रुखाबाद के प्रशासनिक भवनों तथा कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर की मिनी सीड हब इकाई का आभासी (वर्चुअल) उद्घाटन करेंगे। इस दौरान महानिदेशक द्वारा विश्वविद्यालय के तीन छात्रों एवं युवा किसान से भी आभासी वार्ता करेंगे। जिन्होंने अपना स्वरोजगार (स्टार्टअप) शुरू किया है।

इस दौरान आईसीएआर के उप महानिदेशक (शिक्षा) डक्टर आरसी अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के छात्र— छात्राएं, शिक्षक, वैज्ञानिक एवं अधिकारी एवं प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहेंगे।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम वर्चुअल होगा।

आईसीएआर महानिदेशक करेंगे विभिन्न भवनों का उद्घाटन

11/09/2021

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्रा 11 सितंबर विश्व बैंक पोषित परियोजना द्वारा विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न भवनों जैसे आईसीटी प्रयोगशाला, सौर ऊर्जा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, सीड टेस्टिंग प्रयोगशाला, इनक्यूबेशन एंड इन्नोवेशन केंद्र सहित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर, फर्रुखाबाद के प्रशासनिक भवनों तथा कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर की मिनी सीड हब इकाई का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान महानिदेशक द्वारा विश्वविद्यालय के तीन छात्रों एवं युवा किसान से भी आभासी वार्ता करेंगे। जिन्होंने अपना स्वरोजगार स्टार्टअप शुरू किया है। इस दौरान आईसीएआर के उप महानिदेशक शिक्षा डॉक्टर आरसी अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के छात्र.छात्राएंए शिक्षकए वैज्ञानिक एवं अधिकारी एवं प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम वर्चुअल होगा।